दिन– गुरूवार दिनांक– 23/05/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए प्रचार समाप्त। पच्चीस मई को आठ संसदीय क्षेत्रों वाल्मीकिनगर, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में डाले जायेंगे वोट।

02. लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के लिए प्रचार हुआ तेज। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, बसपा प्रमुख मायावती और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने की चुनावी सभाएं।

03. सारण संसदीय क्षेत्र में मतदान के दिन झड़प और चुनाव बाद हिंसा के मामले में सात अलग–अलग मामला दर्ज। राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य के खिलाफ भी एफआईआर।

04. और, राज्य के उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्व भागों में कई स्थानों पर हुई बारिश। मधेपुरा के कुमारखंड में सबसे अधिक एक सौ दस मिलीमीटर बारिश दर्ज।

---

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के मतदान के लिए प्रचार का शोर थम गया है। इस चरण के तहत राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों वाल्मीकिनगर, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में पच्चीस मई को मतदान होगा। प्रचार के अंतिम दिन सभी दलों और गठबंधन के नेताओं, स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों ने जनता को अपने समर्थन में गोलबंद करने के लिए अंतिम जोर लगा दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम चम्पारण के सुगौली में भाजपा उम्मीदवार संजय जायसवाल के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने आज पूर्वी चम्पारण के बनकटवा और गोविंदगंज, पश्चिम चम्पारण के पतीलार और महाराजगंज के भगवानपुर तथा मांझी क्षेत्रों में चुनावी सभा को संबोधित किया। विभिन्न संसदीय क्षेत्रों में प्रत्याशियों द्वारा रोड शो और जन संवाद का भी आयोजन किया गया।

---

छठे चरण में छियासी उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। एक करोड़ उनचास लाख से अधिक मतदाता इस चरण में प्रत्याशियों के किस्मत का फैसला करेंगे। सीवान और वाल्मीकिनगर लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला है। जबकि अन्य छह सीटों पर मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के बीच ही माना जा रहा है। वाल्मीकिनगर में जदयू के सुनील कुमार कुशवाहा और राजद के दीपक यादव के अलावा कांग्रेस के बागी प्रवेश मिश्रा चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बना रहे हैं। इस

सीट पर कांग्रेस ने पिछले लोकसभा चुनाव में प्रवेश मिश्रा को उम्मीदवार बनाया था। वहीं, सीवान में जदयू की विजयलक्ष्मी देवी, राजद के अवध बिहारी चौधरी और निर्दलीय हिना शहाब के बीच त्रिकोणीय मुकाबले माना जा रहा हैं। पूर्वी चंपारण में भाजपा के राधा मोहन सिंह और वीआईपी के राजेश कुमार के बीच मुकाबला है। पश्चिम चंपारण में भाजपा के डॉक्टर संजय जायसवाल और कांग्रेस के मदन मोहन तिवारी आमने–सामने हैं। शिवहर में जदयू की लवली आनंद और राजद की रितु जायसवाल के बीच मुख्य मुकाबला है। वैशाली में लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास की वीणा देवी को राजद के मुन्ना शुक्ला चुनौती दे रहे हैं। गोपालगंज में जदयू के आलोक कुमार सुमन और वीआईपी के प्रेमनाथ चंचल के बीच मुख्य लड़ाई है। महाराजगंज में भाजपा के जनार्दन सिंह सिग्रीवाल और कांग्रेस के आकाश कुमार सिंह के बीच सीधी टक्कर है।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के लिए भी प्रचार तेज हो गया है। सातवें और अंतिम चरण में राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों– नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद में एक जून को मतदान होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पच्चीस मई को काराकाट, बक्सर और पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्रों में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वहीं, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के छब्बीस मई को काराकाट, नालंदा और आरा संसदीय क्षेत्रों में चुनावी सभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है। इधर, आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सासाराम संसदीय क्षेत्र के करगहर और बक्सर के नावानगर में चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री कुमार ने कहा कि उनके कार्यकाल में अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए कई कार्यक्रम चलाये गये हैं। उन्होंने कहा कि कब्रिस्तानों की घेराबंदी, मदरसों का उन्नयन से लेकर मदरसा शिक्षकों को वेतन देने तक सभी कार्य उनकी सरकार के कार्यकाल में किये गये हैं। वहीं, बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने आज बक्सर में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुये आरोप लगाया कि भाजपा सभी मोर्चों पर विफल रही है।

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश की जनता इंडी गठबंधन के नेताओं की मंशा को समझ चुकी है। हरियाणा के भिवानी में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन की पोल खुल चुकी है और इसी लिए विपक्षी गठबंधन के नेता चुनाव आयोग को लेकर अनाप–शनाप बयानबाजी कर रहे हैं।

———बाईट———

———————————————————————————————

राजद की वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने भाजपा के चार सौ पार नारे के जवाब में कहा कि दावे करने का अधिकार सभी को है। पटना के पुनपुन में पत्रकारों से बातचीत करते हुये राबड़ी देवी ने कहा कि लोग भाजपा की नीतियों से त्रस्त हैं और असली जवाब जनता चुनाव के अलग–अलग चरणों में दे रही।

–––बाईट–––

———————————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल आरा में भाजपा उम्मीदवार आर.के. सिंह के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। श्री शाह आज पटना पहुंचे गये। उन्होंने दिवंगत भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी के राजेन्द्र नगर स्थित आवास जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री शाह आज पटना के एक निजी होटल में रात्रि विश्राम करेंगे।

———————————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि धर्म के आधार पर आरक्षण का विचार ही बाबा साहेब अम्बेडकर का अपमान है। श्री मोहन ने बोधगया में पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि इंडी गठबंधन के नेता धर्म के आधार पर आरक्षण देने की बात कर ओछी राजनीति कर रहे हैं।

———————————————————————————————

छपरा में दो राजनीतिक दलों के समर्थकों के बीच हिंसक झड़प और एक व्यक्ति की हत्या के मामले में सात अलग–अलग प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। हत्या के मामले में दर्ज प्राथमिकी में बारह लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है जबकि तीन अन्य एफआईआर में पचास अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। सारण के पुलिस अधीक्षक गौरव मंगला ने बताया कि हत्या के मामले में दो लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। सारण के जिलाधिकारी अमन समीर ने बताया कि प्रशासन की ओर से चुनाव के दौरान झड़प, दंगा फैलाने और सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने के मामले में चार प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। वहीं, दोनों पक्षों की ओर से भी एक–दूसरे पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। भाजपा समर्थकों की ओर से राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य और पार्टी के स्टार प्रचारक भोला यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी गयी है। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र में हालात तेजी से सामान्य हो रहे हैं। एहतियात के तौर पर प्रभावित क्षेत्रों में इंटरनेट सेवा पच्चीस मई तक बंद रहेगी। इधर, घटना को लेकर राजनीतिक आरोप–प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग से राजद नेता भोला यादव के खिलाफ आचार संहिता

उल्लंघन के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है। वहीं, राष्ट्रीय जनता दल ने कहा है कि राजद प्रत्याशी के खिलाफ झूठे आरोप लगाये जा रहे हैं।

———————————————————————

मधुबनी लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले दरभंगा जिले के जाले प्रखंड में पांचों चरण के मतदान के दौरान एक मतदान केन्द्र पर फर्जी मतदान के आरोपी को थाने से जबरन छुड़ा लेने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, बाईस अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। बीस मई को मधुबनी लोकसभा क्षेत्र में मतदान के दौरान फर्जी मतदान का मामला सामने आया था। इधर, मधुबनी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अशोक यादव ने कहा कि चुनाव आयोग बुर्का पहनकर मतदान करने वालों पर रोक लगाये।

———बाईट———

———————————————————————

महात्मा बुद्ध की दो हजार पांच सौ अड़सठवीं जयंती– बुद्ध पूर्णिमा का पर्व आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह दिन भगवान बुद्ध के जन्म, बोधगया में उनके ज्ञान प्राप्ति और कुशीनगर में महापरिनिर्वाण से जुड़ा है। इस अवसर पर महात्मा बुद्ध की निर्वाण स्थली बोधगया में विशेष समारोह का आयोजन किया किया गया है। कैसा है बुद्ध की धरती बोधगया में आज माहौल बता रहे हैं हमारे संवाददाता–

———बाईट———

इधर, पटना के कदमकुआं स्थित बुद्धा मूर्ति के पास विशेष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्ष कमल प्रसाद बौद्ध ने की। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर राज्य के विभिन्न भागों में भी विशेष आयोजन किये जा रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम सुहाना बना हुआ है। नमीयुक्त पूरबा हवा के प्रभाव से प्रदेश के उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्व भागों में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा दर्ज की गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मधेपुरा के कुमारखंड में एक सौ दस मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। वहीं, मुजफ्फरपुर में एक सौ छह मिलीमीटर, समस्तीपुर के पूसा में चौंसठ दशमलव छह मिलीमीटर और बेगूसराय में बावन दशमलव पांच मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड

की गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के. सुमन ने बताया कि इस सप्ताह प्रदेश के अधिकतर भागों में हल्की से मध्यम वर्षा की सम्भावना है।

–––बाईट–––

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम के बेदा सूर्य मंदिर तालाब में स्नान के दौरान डूब कर दो किशोरों की मौत हो गयी। वहीं, एक अन्य को स्थानीय लोगों ने सुरक्षित निकाल लिया।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

अररिया जिले के जोगबनी थाना क्षेत्र की पुलिस ने नेपाल से सटे सीमा क्षेत्र कुशमाहा चौक के पास छापेमारी कर एक वाहन से लगभग एक सौ चालीस किलो गांजा बरामद किया है।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए प्रचार समाप्त। पच्चीस मई को आठ संसदीय क्षेत्रों वाल्मीकिनगर, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में डाले जायेंगे वोट।
02. लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के लिए प्रचार हुआ तेज। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, बसपा प्रमुख मायावती और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने की चुनावी सभाएं।
03. सारण संसदीय क्षेत्र में मतदान के दिन झड़प और चुनाव बाद हिंसा के मामले में सात अलग–अलग मामला दर्ज। राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य के खिलाफ भी एफआईआर।
04. और, राज्य के उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्व भागों में कई स्थानों पर हुई बारिश। मधेपुरा के कुमारखंड में सबसे अधिक एक सौ दस मिलीमीटर बारिश दर्ज।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।